छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर एन.एस.यू.आई. का प्रदर्शन

बूंदी (निसं)। प्रदेश के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में वर्तमान सत्र में छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग को लेकर शनिवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने राजकीय महाविद्यालय में मुख्य द्वार को बंद कर प्रदर्शन किया और प्राचार्य को उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन दिया।

शनिवार को एनएसयूआई छात्र नेता किशन नेखाडी के नेतृत्व में बडी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता महाविद्यालय में एकत्रित हुये और छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर महाविद्यालय के मुख्य

- **महाविद्यालय के मुख्य द्वार को बंद कर नारेबाजी, उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन दिया**

द्वार पर जमकर नारेबाजी की।

इस अवसर पर एनएसयूआई छात्र नेता किशन नेखाड़ी ने कहा कि राज्य सरकार ने तानाशाही करते हुये विश्वविद्यालय में महाविद्यालय में अब तक इस शैक्षिणक सत्र के लिये छात्र संघ चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है। यह प्रदेश भर के लाखों विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है छात्र संघ चुनाव छात्रों का अधिकार है।प्रदर्शनकारियों में पूर्व प्रदेश सचिव आकाश चौधरी, छात्र नेता बंटी गुर्जर चाड, लोकेश उमरवाल,उदय सिंह, राकेश चांदना, रौनक कुमावत, जय भाटी, निपेन्द्र जांगिड, अजय चौधरी, आलोक जावटी, राघव गुड्डा, लकी चतरगंज, राजू गुर्जर, गोविंद मीणा, भोजराज गुर्जर, सुनील खटाना शिवराज, जुगराज गणेशपुरा, विजेंद्र आदि शामिल रहे।

प्राचार्य को ज्ञापन दिया:- प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने महाविद्यालय प्राचार्य को राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में राजस्थान सरकार की ओर से तत्काल इस सत्र का छात्र संघ चुनाव कार्यक्रम घोषित कर छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकार का सम्मान करना चाहिये। छात्रसंघ चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं हुआ तो विवश होकर छात्रों को उग्र आंदोलन करना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

बूंदी में छात्रसंघ चुनाव करवाने की मांग को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने राजकीय महाविद्यालय के मुख्य द्वार को बंद कर प्रदर्शन किया।

हाजियों का इस्तकबाल किया

बून्दी (निसं)। बूंदी शहर से हज के मुकद्दस सफर पर गए हाजियों का हज कर के वापस लौटने पर रॉयल क्लब की जानिब से लोहारों के जमात खाने में आयोजित एक कार्यक्रम में इस्तकबाल किया गया। इस दौरान हज यात्रा की लौटे हाजी मो.हनीफ चौधरी, हाजी मोहम्मद हुसैन,हाजी मोइनुद्दीन अंसारी, हाजी सिद्दीक भाई, हाजी सादिक भाई आदि हाजियों का रईस चौधरी, फरीद एक्शन, इकबाल हुसैन, रियाजुद्दीन, जलालुद्दीन अंसारी, असलम सुहाना, सईद अंसारी आदि क्लब के मेंबरों ने माला पहनाकर कर इस्तकबाल किया।

शिवमहापुराण आज से

छबड़ा (निसं)। कस्बे की इंद्रा कॉलोनी स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर पर संगीतमय शिवमहापुराण कथा का आयोजन 14 से 21 जुलाई तक किया जाएगा।

भैंसरोडगढ़ रोड स्थित क्रैशर बस्ती और तेंदुआ बस्ती पर वैज्ञानिक अधिकारी वेदप्रकाश गुप्ता रिंकी गुप्ता के द्वारा जरूरतमंदों को कपड़े और घरेलू सामान वितरित किए गए। रिंकी गुप्ता ने बस्ती के बच्चों को खाने की चीजें दी जिसे पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान आ गई। इस दौरान विजय नीमा, शिवानी गुप्ता, सुप्रिया गुप्ता और उत्कर्ष गुप्ता मौजूद रहे।

दण्ड के साथ-साथ नागरिकों को न्याय देना मुख्य उद्देश्य : डी.एस.पी.

छबड़ा (निसं)। एक जुलाई से पूरे देष से नया अपराधिक कानून लागू हो गया हैं। नए कानून में सिर्फ दंड देने की बात नही हैं। नागरिको को न्याय देना भी इसका मुख्य उद्देष्य हैं। यह जानकारी छबड़ा थाना परिसर में आयोजित हुई षांति समिति की बैठक में डीएसपी जेपी अटल ने दी हैं।

- **16 जुलाई से रात्रि 10 बजे बाद बाजार बंद रहेगा**
- **कमरा व मकान किराए पर देने के लिए पुलिस को देनी सूचना होगी**

छबड़ा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।

डीएसपी अटल ने बताया कि नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत डिजिटल साक्ष्य को प्राथमिक साक्ष्य माना गया हैं। साथ ही, अब सरकार ने जीरो एफआईआर की सुविधा प्रारंभ कर दी हैं। जिसके तहत पीड़ित किसी भी थाने में एफआईआर दर्ज करवा सकता हैं। ऑनलाईन एफआईआर की सुविधा भी उपलब्ध हैं। नए कानून के तहत प्रत्यक्षदर्षी गवाहो को पुलिस द्वारा सुरक्षा प्रदान किए जाने का प्रावधान हैं।

सीआई राजेश खटाना के अनुसार कस्बे में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 16 जुलाई से रात्रि 10 बजे के बाद बाजार बंद रहेगा। साथ ही, अपराधिक गतिविधियो में लिप्त लोगो के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, कस्बे में यदि कोई भी मकान मालिक अपना मकान व कमरा किसी भी व्यक्ति को देता हैं तो पुलिस सत्यापन के बाद किराए पर दे सकता हैं।

नए कानून में यह भी शामिल:- नए कानून के तहत अब पुलिस किसी भी व्यक्ति को दो घंटे से अधिक थाने में बेवजह नही बिठा सकेगी। अगर किसी को गिरफ्तार करके लाती है तो उस व्यक्ति का विवरण थाने व जिला मुख्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करना होगा। इससे उसके परिवारजन व रिष्तेदार आसानी से सूचना पा सकेंगे और उसे तत्काल मदद मिल सकेगी।

बूंदी में शनिवार को सीनियर सैकेंडरी स्कूल सथुर में देवजी का थाना निवासी भामाशाह युधिष्ठिर राठौर ने सपत्नीक उपस्थित होकर विद्यालय को बालक बालिकाओं की सुविधा को देखते हुए वाटर कूलर भेंट किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्था प्रधान जय लाल मीणा द्वारा भामाशाह का माला पहनाकर स्वागत किया गया। भामाशाह युधिष्ठिर राठौर द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि वो आगे भी विद्यालय का सहयोग करते रहेंगे। इस अवसर पर बबलू राठौर, तेजमल पाटौदी, रचना पंचोली, दीपक नरवाला अध्यक्ष नेहरू युवा मंडल व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

चिकित्सा विभाग की बैठक आयोजित

रावतभाटा, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की शनिवार को खण्ड स्तरीय बैठक का आयोजित की गई। उपजिला चिकित्सालय स्थित ट्रोमा सेन्टर परिसर में शुक्रवार को खण्ड स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी चित्तौडगढ डॉ. मुकेश विजगवर्गीय की अध्यक्षता में की गई। डॉ. मुकेष विजगवर्गीय ने मौसमी बिमारियों पर विस्तृत समीक्षा की। मौसमी बिमारियों के तहत मलेरिया क्रेष कार्यक्रम के अंतर्गत हर चिकित्सा संस्था पर हेचरी की क्रियाशीलता, आशा सहायोगिनायों, महिला स्वास्थ्स कार्यकर्ता द्वारा एण्टी लार्वाल गतिविधियां करते हुए। घर-घर सर्वे समय पर पुरा करने के निर्देश दिये। डॉ. अनिल जाटव ने आईएचआईपी पोर्टल पर एस, पी, एल फार्म व हीट वेव पी फार्म की समीक्षा की।

रावतभाटा में 209 मामलों का निस्तारण

रावतभाटा, (निसं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के आदेशानुसार शनिवार को रावतभाटा मुख्यालय पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। बैंच की अध्यक्षता ज्योति शर्मा, अध्यक्ष ताल्लुका विधिक सेवा समिति (अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) रावतभाटा ने की।

राजीनामा योग्य रेवेन्यू प्रकरणों के निस्तारण के लिए बैंच की सदस्यता नानालाल धाकड, नायब तहसीलदार रावतभाटा द्वारा की ग । दिनभर चली लोक अदालत में कुल 209 मामलों का निस्तारण आपसी रजामंदी के साथ किया गया। ताल्लुका विधिक सेवा समिति के सचिव निशा मंडोवरा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौडगढ के निर्देश पर आयोजित उक्त लोक अदालत में बिजली विभाग एवं बैंको के प्रि-लिटिगेशन संबंधित प्रकरणों को सम्मिलित किया गया था, जिनमें कुल 76 प्रकरणों में राजीनामें से 27 लाख 65 हजार 521 रूपये की रिकवरी की ग । बिजली के बकाया बिलों पर 50 प्रतिशत भारी छूट के साथ राजीनामा से प्रकरणों का निस्तारण किया गया। जिस कारण से लोगो में उत्साह से लोक अदालत में भाग लिया और लाभान्वित हुए। इसी प्रकार न्यायालय में लंबित कुल 133 प्रकरणों का पक्षकारों के मध्य राजीनामे से निस्तारण किया गया। जिसमें न्यायालय के 96 आपराधिक प्रकरण, 23 भरण पोषण, 8 एनआ एक्ट प्रकरण तथा सिविल प्रकृति का 6 प्रकरणो को निस्तारित किया गया। इसके साथ ही न्यायालय में लंबित 5 वर्ष पुराने 31 फौजदारी प्रकरणो, 10 वर्ष पुराने 8 फौजदारी प्रकरणों व 10 वर्ष पुराना 1 सिविल प्रकरण का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 33 लाख 94 हजार 386 रूपये की अवार्ड राशि दिलवाई गई। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिवक्तागण व कोर्ट कर्मचारी तथा विभिन्न बैंको के शाखा प्रबंधक तथा बिजली विभाग के सहायक अभियंतागण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

रावतभाटा मुख्यालय पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

भवानी नाट्यशाला का स्थापना दिवस 15 को

झालावाड़ (निसं)। ऐतिहासिक एवं सांस्कृति धरोहर भवानी नाट्ययशाला का 103वां स्थापना दिवस पर्यटन विकास समिति द्वारा मनाया जायेगा। इस अवसर पर समिति द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम 15 व 16 जुलाई को आयोजित किया जायेगा। पर्यटन विकास समिति के संयोजक ओम पाठक ने बताया कि ऐतिहासिक धरोहर भवानी नाट्ययशाला के 16 जुलाई 2024 को 103 वर्ष पूर्ण होने पर भवानी नाट्ययशाला परिसर में प्रात: 10 बजे एक संगोष्ठि आयोजित करेगी। "भवानी नाट्ययशाला का ऐतिहसिक महत्व" विषय पर इतिहासकार ललित शर्मा पत्र वाचन करेगें। इस गोष्ठी में प्रतिभाओं का भी सम्मान किया जावेगा। भवानी नाट्ययशाला स्थापना दिवस कार्यक्रम का आगाज 15 जुलाई को भवानी नाट्ययशाला के निर्माता पूर्व महाराजा राणा भवानीसिंह जी की प्रतिमा जयराज पार्क मूर्ति चौराहा पर प्रात: 8 बजे पुष्पांजली कार्यक्रम के साथ किया जावेगा। भवानी नाट्ययशाला के स्थापना दिवस कार्यक्रम में पुरातत्त्व विभाग के अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है।

सार-समाचार

अंजुमन स्कूल में पेरेंट्स मीटिंग आयोजित

रावतभाटा, (निसं)। मदरसा बोर्ड के तहत संचालित अंजुमन स्कूल में पेरेंट्स मीटिग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अंजुमन सिराजुल इसलाम सोसायटी के सेक्रेटरी मो हुसैन ने की। शिक्षा समिति के अध्यक्ष मो हनीफ शायर ने अभिभावको से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने गृहकार्य की जांच करने और साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। अंजुमन सदर मज़हर हुसैन भाटी ने अभिभावको एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की समस्याओं को सुनकर उन्हें जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। वरिष्ठ शिक्षक सुहेल इकबाल ने अभिभावको को शिक्षा के प्रति जागरुक रहने की बात कही। इस अवसर पर केशीयर शेख इम्तियाज, नियाज, मो हनीफ मंसूरी, अज्जू खान, आबिद, सूमो और हैदर मौजूद रहे। मदरसा बोर्ड द्वारा समय पर पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध करवाने के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी का आभार जताया। संचालन साबिर खान ने किया। सदर मज़हर हुसैन भाटी ने बताया कि पिछले सालो में जो भी वित्तीय अनियमितताएं हुई है उसकी जांच करवाई जायेगी।

अमरनाथ के लिए यात्री रवाना

छीपाबड़ौद (निसं)। छीपाबड़ौद से एक दर्जन के करीब धार्मिक यात्रा अमरनाथ के लिए यात्री रवाना हुए। जिनका शान्तिकुञ्ज मेरिज गार्डन मे पूर्व सरपंच गजेंद्र जेन,यूसूफ भाई ने माला पहना कर कुशल यात्रा की कामना कर रवाना किया।स्वागत सम्मान के पश्चात दो दर्जन व्यक्तियों का जत्था श्री अमरनाथ एवं माता वैष्णो देवी के लिए अपने क्षेत्र की खुशहाली के लिए रवाना हुआ । सभी अमरनाथ जाने वाले यात्रियों का कोटा जंक्शन पर भी भव्य स्वागत सम्मान तिलक लगाकर माला पहनकर किया गया। अमरनाथ एवं माता वैष्णो देवी जाने वाले यात्री विक्रम सिंह पूर्व प्रधानाचार्य ,कमल सिंह असावत ,श्री कृष्णा चौरसिया, नवल कुमार वैष्णव, हरीश झाला, ओमप्रकाश गुर्जर, सोनू गुर्जर, विनोद गुर्जर, गिरिराज गर्ग, प्रह्लाद महावर, भूपेंद्र नागर, लालचंद गुर्जर, भंवर लाल मेहता, मांगीलाल बैरागी दिनेश बैरागी, मनोज चौरसिया, मांगीलाल नागर, गुलाब चंद, राधेश्याम, मनोज मंगल, नवीन शर्मा अन्य सभी यात्री शामिल है।

बच्चों ने आग को बुझाने के उपाय जाने

बूंदी (निसं)। जेसीआई बूंदी ऊर्जा द्वारा फायर सेफ्टी वर्कशॉप का आयोजन कुडोस इंटरनेशनल स्कूल में किया गया, जहां स्कूली बच्चों ने आग बुझाने और आग की परिस्थितियों में बचने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। फायर सेफ्टी नगर परिषद बूंदी के अग्निशमन दस्ते के फायर सेफ्टी अधिकारी मतीन मंसूरी ने बच्चों को आग कितने प्रकार के बारे में बताते हुए आग को बुझाने के उपायों के बारे में जानकारी दी। इन्होंने पानी, फोम, सीओटू, रेत सहित अन्य साधनों के उपयोग से बुझाने के बोर में बताया और व्यावहारिक ज्ञान दिया। इस दौरान अध्यक्ष मेघा नुवाल, जोन कोऑर्डिनेटर जूनियर जेसी श्वेता भंडारी, जूनियर जेसी अध्यक्ष आदित्य अग्रवाल, पूर्व जेसी अध्यक्ष ख्याति भंडारी, जूनियर जेसी कोऑर्डिनेटर अंशुल जैन, ट्रेनिंग उपाध्यक्ष अनुपमा जैन, कोषाध्यक्ष कुलजित कौर मौजूद रहे।

स्कूल में सामूहिक श्रमदान किया

छबड़ा (निसं)। उच्च माध्यमिक विद्यालय पचपाडा में हरियालो म्हारो बारां वृक्षारोपण महाभियान कार्यक्रम के तहत सामूहिक श्रमदान किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश कुमार मीणा एवं स्काउट गाइड अध्यापक हेमराज बैरवा के निर्देशानुसार प्रार्थना सभा के बाद विद्यार्थियों द्वारा स्कूल परिसर में पौधरोपण के लिए गड्ढे खोदे गए। इस अवसर पर सहायक प्रधानाचार्य विक्रम सिंह मीणा, वरिष्ठ अध्यापक गजराज कुमावत, लेखाधिकारी महेश गुर्जर, शारीरिक शिक्षक राहुल पारीक, मुरारीलाल भार्गव, अशोक कुमार भार्गव, लियाकत हुसैन, साबिर हुसैन, राजेश कुमार खत्री, पप्पू लाल भार्गव, पवन कुमार मीणा आदि मौजूद थे।

एलन कॉमर्स का सी.ए. परीक्षा में बेहतर परिणाम

कोटा, (निसं)। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी सीए इंटरमीडिएट के परिणामों में एलन एस कॉमर्स, कोटा के विद्यार्थियों ने श्रेष्ठता साबित की है।

एलन कॉमर्स कोटा के अकेडमिक हैड सीए विवेक बंसल ने बताया कि संस्था की हीर अरोड़ा ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर दोनों ग्रुप में परीक्षा उत्तीर्ण की। एलन एस कॉमर्स के 4 विद्यार्थियों ने दोनों ग्रुप में तथा 7 विद्यार्थियों ने एक ग्रुप में सीए इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की। एलन एस के मेंटर विनोद शर्मा सर ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बताया कि एलन संस्थान अब सीए परीक्षा में भी निरंतर अपना वर्चस्व साबित कर रहा है।

भारत विकास परिषद चिकित्सालय का शुभारंभ आज

रामगंजमंडी (निसं)। शहर में भारत विकास परिषद के चिकित्सालय का 14 जुलाई रविवार को प्रात: 10 बजे छगनभाई की बगीची(जुल्मी रोड)पर शुभारंभ होगा।

- **कार्यक्रम में प्रातः 11 बजे निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर भी आयोजित होगा**
- **चिकित्सालय में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक चिकित्सक रहेंगे**

उक्त जानकारी देते हुए परिषद के संजय पतिरा ने बताया कि शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्याम शर्मा पूर्व राष्ट्रीय महासचिव भारत विकास परिषद होंगे तथा अध्यक्षता राजकुमार गुप्ता अध्यक्ष भारत विकास विकास परिषद चिकित्सालय कोटा करेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में रवि विजय अध्यक्ष राजस्थान दक्षिण पूर्व प्रान्त भारत विकास परिषद अनिल कुमार सिंघल उपजिलाधीश पुलिस उपाधीक्षक नरेन्द्र कुमार पारीक एवं देवीलाल सैनी अध्यक्ष नगर पालिका रामगंजमंडी की भी गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

पतिरा ने बताया कि कार्यक्रम में प्रात: 11 बजे नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर भी आयोजित किया जा रहा है। जिसमें डॉ दिनेश बंसल हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अविनाश बंसल शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ जे पी ठक्कर जनरल फिजिशियन डॉ आर के सोनी नाक कान गला विशेषज्ञ डॉ राहुल गर्ग नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं संगीता जैन स्त्री रोग विशेषज्ञ अपनी कुशल सेवाएं प्रदान करेंगे।इसके लिए रोगी को अपनी पुरानी जांच साथ लेकर आना होगा। विशेष जानकारी देते हुए पतिरा ने बताया कि अब भारत विकास परिषद चिकित्सालय रामगंजमंडी में भी प्रतिदिन सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक समस्त रोगों की चिकित्सा हेतु डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे,जो शहरवासियों के लिए एक बहुत बडी सुविधा होगी।जिसमें विश्वसनीय जांच एक किफायती मूल्यों पर, डॉक्टरी परामर्श उचित विशेषज्ञ द्वारा, दवाइयां मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध, नर्सिंग सुविधा व जांच हेतु सेम्पल घर से ही संग्रहित करने की सुविधा उपलब्ध होना चिकित्सालय की विशेषताएं रहेगी।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ

रामगंजमंडी(निसं)।राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार 13 जुलाई शनिवार को प्रि-लिटिगेशन, राजस्व एवं राजीनामा योग्य लम्बित प्रकरणों के समझाईश से निस्तारण हेतु अपर जिला एवं सेशन न्यायालय रामगंजमण्डी एवं अति मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामगंजमण्डी की दो बैंच गठित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

उक्त लोक अदालत के माध्यम से अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रामगंजमण्डी शैलेष जडिया द्वारा कुल

- **लोक अदालत के माध्यम से दोनों बैंचों में 1673 मुकदमें से निस्तारित हुए**

99 लंबित एवं 14 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निस्तारण किया गया।जिसमें से 5 एम.ए.सी.टी. प्रकरणों में 27,30,000 /- रूपये की क्षितपूर्ति राशि के अवार्ड जारी किए गए,एन.आई. एक्ट के 03 प्रकरणों में 33,40,000/- रूपये दिलाए गए, वसूली संबंधित 82 प्रकरणों का निस्तारण, प्रिलिटीगेशन के 14 प्रकरणों में 19, 19,700 /- रूपये वसूल हुए एवं पारिवारिक मामलों से संबंधित कुल 05 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इस प्रकार जड़िया की बैंच द्वारा कुल 113 प्रकरणों का निस्तारण कर 90,59,700 रूपयों की राशि वसूल की गई।

इसके अलावा अति मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामगंजमण्डी सुमन मीणा की बैंच द्वारा एसीजेएम कोर्ट, एमजेएम कोर्ट व ग्राम न्यायालय खैराबाद के न्यायालयों के कुल 1560 प्रकरणों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से किया गया। दोनों बैंचों द्वारा कुल 1673 मुकदमे इस लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किए गए।

साथ ही साथ जडिया द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामे से प्रकरण निस्तारित होने आपसी प्रेम भाईचारा बना रहता है और विवाद हमेशा के लिए समाप्त हो जाता है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया मोडक यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के शाखा प्रबंधकों व अरूण सक्सेना अधिवक्ता बीमा कम्पनी रोहित पाटीदार अधिवक्ता क्लेमेंट हेमंत जैन अधिवक्ता और अंजली भार्गव अधिवक्ता द्वारा सराहनीय योगदान दिया गया। अंत में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति रामगंजमण्डी शैलेष जाडेया द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का समापन किया गया।

रामगंजमण्डी की दो बैंच गठित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।